न्यायालय उपखण्ड अधिकारी(राजस्व),टिब्बी जिला हनुमानगढ़
पीठासीन अधिकारी–मांगीलाल आर.ए.एस.
प्रकरण अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट.

प्रकरण संख्या– **07 / 2019**

दविन्द्र सिह पुत्र मलकीतसिह जाति जटसिख निवासी नगराना तहसील संगरिया जिला हनुमानगढ।

–प्रार्थी

बनाम्

तहसीलदार राजस्व टिब्बी, जिला हनुमानगढ।

–अप्रार्थी

उपस्थितिः–श्री संजय शर्मा अधिवक्ता प्रार्थी

पैरोकार राज

निर्णय **दिनांक :–** 09.12.2020

अधिवक्ता प्रार्थी ने प्रार्थना–पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम इस आशय का पेश किया कि चक नं0 4 एनजीआर खाता संख्या 36 जमाबन्दी संवत 2075 ता 78 में प्रार्थी का नाम दविन्द्रसिह की जगह देवेन्द्र सिह सहवन से दर्ज हो गया है प्रार्थी का सही व वास्तविक नाम दविन्द्र सिह है मगर राजस्व रिकार्ड में गलती से देवेन्द्र सिंह दर्ज हो गया है।

चक नं0 3 एनजीआर जमाबन्दी संवत 2067 ता 70 के खाता सं0 25 / 19 में प्रार्थी का नाम दविन्द्र सिह अंकित है तथा प्रार्थी के पढाई के कागजात, राशनकार्ड, वोटर लिस्ट, वारिस प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड आदि में प्रार्थी का नाम दविन्द्रसिह दर्ज है जबकि चक नं0 4 एनजीआर के खाता सं0 36 की जमाबन्दी में प्रार्थी का नाम देवेन्द्र सिह सहवन से अंकित कर दिया गया है। राजस्व रिकार्ड में भिन्न भिन्न नाम अंकित होने के कारण प्रार्थी अपने अधिकारों से वंचित हो रहा है। इसलिए प्रार्थी चक नं0 4 एनजीआर के खाता संख्या 36 में अपना नाम देवेन्द्र सिह के स्थान पर दविन्द्र सिह नाम की दुरूस्ती करवाना चाहता है।

उक्त तथ्यों के आधार पर प्रार्थना पत्र पेश होने पर सीगेदार की रिपोर्ट के बाद प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्ट्रर किया गया। अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया। तथा उक्त प्रार्थना–पत्र के संबध में तहसीलदार(राजस्व) टिब्बी से प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों के संबध में रिपोर्ट चाहनें पर उन्होनें अपनें पत्र क्रमांक राजस्व / 20 / 4133 दिनांक 09.12.2020 द्वारा प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार चक 4 एनजीआर में नामान्तरण संख्या 226 स्वीकृत दिनांक 25.05.2011 में प्रार्थी का नाम दविन्द्र सिंह पुत्र मलकीत सिंह दर्ज है। जमाबंदी संवत् 2065 से 2068 खाता संख्या 26 / 20, नामान्तरण संख्या 226 न्यायालय आदेश का नोट अंकन किया गया। प्रार्थी का नाम दविन्द्र सिंह पुत्र मलकीत सिंह दर्ज है। जमाबंदी संवत् 2069–2072 बनाते समय खाता संख्या 22 / 26 में प्रार्थी का नाम दविन्द्र सिंह पुत्र